**लापरवाही** फिर भी वसूला जा रहा टैक्स, बदहाल हो चुकी सड़क को सुधारने की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया जा रहा

# जबलपुर-नरसिंहपुर मार्ग पूरी तरह से खस्ताहाल

**नवभारत/ नरसिंहपुर/ गोटेगांव।** जबलपुर-नरसिंहपुर मार्ग पूरी तरह से खस्ताहाल हो चुका है। इसके बाद भी टोल टैक्स नाका लगा कर माल वाहकों से रोड टैक्स के नाम पर राशि वसूली जा रही है। इस बदहाल हो चुकी सड़क को सुधारने की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है। उक्त सड़क का रखरखाव रोड डेवलोपमेन्ट कारपोरेशन (RDC) द्वारा किया जाता हैं, लेकिन विभाग की अनदेखी और लापरवाही के कारण सड़क में बने बड़े बड़े गड्ढे दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहे हैं, कई जगह पर सड़क मार्ग पर गड्ढे हो गए हैं। जिसके कारण दुर्घटनाएं होती रहती है। इस मार्ग पर पुलिस प्रशासन ने कुछ स्थलों पर सूचक बोर्ड भी लगाए है जहां पर अधिकतर एक्सीडेंट की घटनाएं होती रहती है। जबलपुर से नरसिंहपुर जाने पर माल वाहकों को शहपुरा के पास लगाए गए टोल टैक्स नाका पर राशि देना पड़ती है।

### रोड को ठीक करने की दिशा में कदम नहीं उठाया जा रहा

उसके बाद नरसिंहपुर बहोरीपार के पास लगाए गए टोल टैक्स पर राशि देनी पडती है। दो जगह पर माल वाहकों से राशि वसूलने के नाके लगे हुए है। जिस हिसाब से माल वाहकों से राशि वसूली जा रही है उस हिसाब से सड़क मार्ग की हालत नहीं है। सड़क की हालत खराब होने के कारण माल वाहक अपनी निर्धारित गति से वाहन को संचालित नहीं कर पाते है। जिसके कारण उनको डीजल का एवरेज तक नहीं मिल पाता है। मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम की उक्त रोड होने के बाद भी किसी प्रकार का कार्य बदहाल हो चुकी रोड को ठीक करने की दिशा में कदम नहीं उठाया जा रहा है। जबकि इस मार्ग से निकलने वाले माल वाहकों से मनमर्जी के हिसाब से राशि वसूली जा रही है। सड़क मार्ग बदहाल और दो-दो जगह पर लगे टोल नाका के कारण उक्त मार्ग से जिस हिसाब से माल वाहक संचालित होते थे।

### उसमें बहुत कमी आ गई

उसमें बहुत कमी आ गई है। इस मार्ग पर सिर्फ जरूरतमंद वाहन ही निकल रहे है। इस मार्ग पर चलने वाले माल वाहक चालकों ने बताया कि जबलपुर की ओर से आने पर जहां एक ओर शहपुरा के पहले बने राष्ट्रीय राज्य मार्ग के टोल नाके पर राशि देना पड़ती है उसके बाद गोटेगांव की सीमा में प्रवेश करने के लिए शहपुरा के बाहरी हिस्से में लगे टोल नाका में राशि देना पड़ती है दो जगह पर उक्त राशि देने के बाद भी सड़क पूरी तरह से बदहाल रहती है। इसको सुधारने की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया जाता है। बाइक चालकों का कहना है कि सड़क पर मौजूद गड्ढों को बचाने का प्रयास किया जाता है जो अचानक सामने आ जाते है तभी पीछे से आता हुआ वाहन टक्कर मार देता है।

### इनका कहना है

पहले इसका फोर लाइन बनने का था पर उसमें भू अर्जन कुछ ज्यादा आ रहा था भू अर्जन करना था किसानों की जमीन अधिग्रहीत करने का, उसमें शासन को किसानों को मुआवजा भी ज्यादा देना पड़ रहा था पर जो नया रिवाइज इस्टीमेट भेजा गया है जिसमें जो सडड़ है 10 मीटर चौड़ी होगी। अभी वर्तमान में जो निर्मित सडड़ है उससे और अधिक 10 मीटर चौड़ी होना है, तो उतनी जो जितनी आवश्यकता है उससे कहीं भी जगह है तो किसानों की जमीन को भू अर्जित नही करना पड़ेगा। सीधा-सीधा एस्टीमेट स्वीकृत हो जायेगा।

**-रामस्नेही पाठक**

### इनका कहना है

हमने इस संबंध में लोक निर्माण विभाग अधिकारी एवं एमपी आरडीसी जबलपुर के अधिकारियों से चर्चा की है और उन्होंने आश्वासन दिया है कि 15 से 20 दिवस में सड़क के मरम्मत का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा जिससे हम नागरिकों को जल्द ही राहत मिलेगी द्व साथ ही यह भी बताया कि रिकंस्ट्रक्शन के लिए प्रपोजल भेजा गया है

**-संगीता शर्मा** जिला मंत्री नरसिंहपुर

### इनका कहना है

गोरेगांव से नरसिंहपुर रोड पर पीडब्ल्यूडी विभाग प्रशासन को रोड पर गड्ढे नहीं दिखाई देते रोज इस रोड दिन में कितने एक्सीडेंट होते हैं और कितने लोग घायल हो रहे और कितने ही लोगों की जान लील गई यह जर्जर सड़क, यह रोड जब कॉग्रेस की सरकार थी तब इस रोड का निर्माण प्राइवेट ठेकेदारों से कराया गया था जिसमें टोल लिया जाता था लेकिन रोड की हालत अच्छी रहती थी लेकिन बीजेपी सरकार के समय से इस रोड पर बसूली ही रही हैं अगर टोल ले रहे हैं तो कम से कम रोड के गड्ढे तो भरवा दीजिए जिससे एक्सीडेंट न हो

**-शेखर चौधरी** पूर्व विधायक

### इनका कहना है

यह सड़क नरसिंहपुर दादा महाराज से गोटेगांव शहपुरा मार्ग पर गड्ढे ही गड्ढे हैं जिससे हम बस मोटर मालिकों को काफी परेशानी होती है जैसे की इस सड़क पर दौड़ रही हमारी बसें भी खराब होने के साथ-साथ टाइम भी ज्यादा लग रहा है और आने जाने में सवारियां भी परेशान होती है इस सड़क से रोजाना जिम्मेदार अधिकारी एवं जन-प्रतिनिधियों का भी आना जाना होता है लेकिन इस और ध्यान ना देना यह बड़ी लापरवाही है क्योंकि यह विषय जन सरोकारों से जुड़ा हुआ है साथ ही इस सड़क पर इतने गड्ढे हो गए हैं

**-वगीश द्विवेदी,** बस मालिक

### इनका कहना है

इस सड़क की दुर्दशा इतनी खराब है कि अगर कोई परिजन इस सड़क से अपने मरीज या फिर गर्भवती महिलाओं को ले जाते हैं तो काफी मुसीबत का सामना करना पड़ता है और परेशानियां होने के साथ-साथ एक्सीडेंट भी बहुत हो रहे हैं साथ ही सड़क में पूरे गड्ढे ही गड्ढे होने के बावजूद भी यहां पर टैक्स वसूली की जा रही है गुजरने वाले मोटर मालिकों या फिर राहगीरों को हो रही जनहानि धन हानि एवं समय की बचत हो सके और उनको इस समस्या से निजात मिल सके यहां पर जिम्मेदारों को विशेष ध्यान आकर्षित कर इस समस्या का समाधान कराना चाहिए

**-रूपमती साहू,** राहगीर

# गुणवत्ता से समझौता नहीं करने की दी चेतावनी

**नवभारत/साईखेड़ा।** नगर परिषद साईंखेड़ा द्वारा शहर के विकास और सौंदर्यीकरण के लिए चलाए जा रहे अभियानों के बीच, निर्माणाधीन शमशान घाट के कर एवं रोड का निरीक्षण किया गया। नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि सचिन अग्रवाल ने स्वयं निर्माण स्थल पर पहुंचकर चल रहे कार्यों की बारीकी से समीक्षा की और तकनीकी पहलुओं का जायजा लिया।

### निर्माण स्थल पर अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष प्रतिनिधि के साथ नगर परिषद के इंजीनियर, संबंधित ठेकेदार और विभागीय स्टाफ मौजूद रहा। सचिन अग्रवाल ने मौके पर चल रहे निर्माण कार्य की गुणवत्ता को परखा और ठेकेदार व इंजीनियर को कड़े निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कार्य मानक मापदंडों के अनुसार और पूरी गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण होना चाहिए। अध्यक्ष प्रतिनिधि ने बताया कि यह शमशान घाट परिषद के %ग्रीन प्रोजेक्ट% का हिस्सा है। नगरवासियों के लिए एक स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित शमशान घाट उपलब्ध कराना परिषद की प्राथमिकता है। उन्होंने जानकारी दी कि वर्तमान में निर्माण कार्य प्रगति पर है और परिषद ने अभी इसे पूरी तरह हैंडओवर नहीं लिया है। निरीक्षण के दौरान पीछे घरों के पानी रिसाव के कारण बाउंड्री वॉल और अन्य स्थानों पर जो भी छोटी-मोटी क्षति या खामियां हुई हैं, उन्हें ठेकेदार के माध्यम से तत्काल ठीक करवाया जाएगा। अग्रवाल ने आश्वासन दिया कि निर्माण कार्य जल्द ही पूर्ण कर लिया जाएगा, जिससे नगर को एक भव्य और सुंदर शमशान घाट की सौगात मिलेगी। इससे अंतिम संस्कार के लिए नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी।

### इनका कहना है

यह शमशान घाट हमारे ग्रीन प्रोजेक्ट का महत्वपूर्ण हिस्सा है। हमारा लक्ष्य इसे नगर के लिए एक मॉडल के रूप में विकसित करना है। गुणवत्तापूर्ण निर्माण के साथ बहुत जल्द हम इसे नगरवासियों को समर्पित करेंगे।

**-सचिन अग्रवाल,** अध्यक्ष प्रतिनिधि, नगर परिषद साईंखेड़ा

साईंखेड़ा शमशान घाट का निर्माण कार्य हमारी निरंतर निगरानी में है। ठेकेदार द्वारा किया जा रहा कार्य सराहनीय है और हम सुनिश्चित कर रहे हैं कि कार्य योजना के अनुरूप ही पूरा हो।

**-बृजेंद्र सिंह पटेल,** अध्यक्ष,

## आरोपी द्वारा जान से मारने की धमकी

**नवभारत/ गाडरवारा।** समीपस्थ सालीचौका पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम सहावन निवासी भैयालाल पिता कालूराम लोधी उम्र 75 साल द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब प्रार्थी अपने घर के पास खड़ा हुआ था उसी दौरान प्रार्थी के भाई का लड़का कृष्णकांत आया और बोला की मुझे पुराने वाले घर में से हिस्सा चाहिए और इसी बात के चलते गंदी गंदी गालियां देते हुये प्रार्थी को धक्का देते हुये जमीन पर गिरा दिया गया जिसके चलते चोटे आई। वही आरोपी द्वारा जान से मारने की धमकी देते हुये चला गया। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी ?की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम कर जांच में लिया गया है।

## बिजली बिल बकाया होने पर विभाग सख्त कई उपभोक्ताओं पर कुर्की की कार्रवाई

**नवभारत/साईखेड़ा।** क्षेत्र में बिजली बिलों की बकाया राशि की वसूली को लेकर विद्युत मंडल अब बेहद सख्त रुख अपना रहा है। उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार, साईखेड़ा विद्युत विभाग ने बड़े बकायादारों के खिलाफ अभियान छेड़ते हुए कुर्की की कार्रवाई शुरू कर दी है। विद्युत मंडल के कनिष्ठ अभियंता गोविंद डेहरिया के नेतृत्व में विभाग की टीम ने विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान जिन उपभोक्ताओं ने बार-बार नोटिस दिए जाने के बावजूद अपने बिलों का भुगतान नहीं किया था, उनके विरुद्ध कुर्की की वैधानिक प्रक्रिया अपनाई गई। विभाग की इस अचानक और सख्त कार्रवाई से बकायादारों में हड़कंप मच गया है। कार्रवाई के दौरान जेई गोविंद डेहरिया ने क्षेत्र के नागरिकों से अपील की कि वे अपने बिजली बिलों का भुगतान समय सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि विभाग का उद्देश्य किसी को परेशान करना नहीं, बल्कि राजस्व वसूली करना है। बिल जमा न होने से विभाग को सुचारू बिजली आपूर्ति बनाए रखने में कठिनाई होती है। समय पर भुगतान करने से उपभोक्ता जुर्माने और कानूनी कार्रवाई से बच सकते हैं।

### एक नजर में

## 142 एनसीसी कैडेट्स का फायरिंग प्रशिक्षण

**नवभारत/करेली।** गत दिवस 1 एमपी बटालियन एनसीसी के कमांडिंग आफिसर कर्नल नितिन शर्मा एवं एडम ऑफिसर कर्नल समीर बोडास के दिशा निर्देशन में फायरिंग प्रशिक्षण आयोजित किया गया। पुलिस फायरिंग रेंज हिनोतिया में करेली नगर के 142 एनसीसी कैडेट्स ने फायरिंग प्रशिक्षण प्राप्त किया जिसमें पॉइंट 22 राइफल से फायर कर किया गया फायरिंग प्रशिक्षण सूबेदार रतन सिंह हवलदार हेमंत सिंह एवं मुकेश सिंह के कुशल मार्गदर्शन में कैडेट्स ने फायर के गुण जैसे सिस्ट (पोजीशन) लेना ,निशाना साधना एवं ट्रिगर ऑपरेशन का अभ्यास कर फायरिंग में अपना हुनर दिखाया। उत्साह एवं जोश से भरे कैडिटस ने मौसम की प्रतिकुलता को नजर अंदाज कर सुबह-सुबह फायरिंग रेंज हिनोतिया प्रस्थान किया।फायरिंग दल में 57 कैडेट्स सी एम राइस से 47 कैडेट्स टीएनएस विद्यालय से एवं 38 कैडेट्स हायर सेकेंडरी करेली बस्ती से एनसीसी अधिकारी भोले रजक ,केयरटेकर सुनील भारद्वाज, रजनी रैकवार, शिवानी विश्वकर्मा एवं अनु श्री तिवारी के नेतृत्व में रवाना हुए एवं फायरिंग प्रशिक्षण पूर्ण कर सेना को करियर बनाने की दिशा में नई संभावना की नींव रखी।

## शांति विद्या निकेतन में मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान

**नवभारत/करेली।** शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था शांति विद्या निकेतन में मेधावी छात्र छात्राओं का सम्मान कार्यक्रम रखा गया। जिसमें सर्वप्रथम शुभारंभ विद्या की देवी सरस्वती जी की आरती एवं दीप प्रज्वलन विधायक प्रतिनिधि बृजेश माते,पार्षद खालिक कुरैशी,महेंद्र सिंह किलेदार वार्ड पार्षद प्रतिनिधि दीपक शर्मा,वरिष्ठ शिक्षक हेमंत गुप्ता ,राजेश सोनी, पी डी नेमा द्वारा किया गया। अतिथियों ने बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करके अपने अपने उद्धवोधन दिये।कार्यक्रम के विशेष अतिथि करेली नगर निरीक्षक हिंगवे ने अपने वक्तव्य से बच्चों को मोबाइल की लत से दूर रहने एवं बच्चों से सीधे संवाद करते हुए किसी भी परेशानी से अवगत कराने हेतु 24 घंटे सेवा देने हेतु अपना मोबाइल नंबर दिया! कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मेधावी छात्रों का उत्साह वर्धन था,जिन्होंने विद्यालय में अपनी अपनी कक्षाओं में सर्वाधिक अंकों से कक्षा उत्तीर्ण की थी,ये सम्मान कार्यक्रम स्व.शांति वर्मा एवं पुरुषोत्तम लाल श्रीवास्तव स्मृति मे हर साल शाला के मेधावी छात्र/छात्राओं को दिया जाता है।

## सकारात्मक संदेश के साथ राम रोटी संस्था करती हे भोजन सेवा

**नवभारत/गाडरवारा।** राम रोटी एक ऐसी सेवाभावी संस्था है, जो पिछले कई वर्षों से बिना किसी प्रचार-प्रसार के लगातार बेघरबार लोगों और ट्रेन से आने-जाने वाले यात्रियों को मुफ्त भोजन मुहैया करा रही है। कई लोग जन्मदिन, शादी एवं अन्य आयोजन के दौरान सेवा भाव से यहां आकर जरूरतमंदों को भोजन खिलाते हैं। गाडरवारा रेलवे स्टेशन के बाहर रात 8 बजे से भंडारा सेवा शुरू की जाती है। यह सिलसिला निरंतर जारी है। विशाल ठाकुर ने अपने साथियों के साथ छोटे से रूप में राम रोटी संस्था बनाकर रेलवे स्टेशन पर जरूरतमंद लोगों के लिए भोजन कराना प्रारम्भ किया था। घरों से रोटी व वह भोजन सामग्री एकत्रित प्रतिदिन रात्रि के समय भोजन कराने का काम करते थे । आज इस संस्था के माध्यम से सैकड़ो लोग प्रतिदिन भोजन प्रसादी ग्रहण करते हैं । राम रोटी संस्था की प्रेरणा से नगर के लोग जन्मदिन व अन्य उत्सव पर वहा पहुंचकर संस्था को सहयोग करते हुए अपनी सहभागिता निभाते हैं । राम रोटी संस्था वर्तमान में समाजसेवा के क्षेत्र में अपना अलग मुकाम बना चुकी है और इस संस्था की सेवा की सभी लोग प्रशंसा करते हैं शनिवार को राम रोटी संस्था द्वारा विशाल रूप में भोजन प्रसादी का आयोजन किया गया । कहते है कि ऊपर वाला भूखा उठाता जरूर है भूखा सुलाता नही है निश्चित रूप से राम रोटी संस्था स्टेशन क्षेत्र पुनीत कार्य कर रही है । जिसका कोई नही उसका तो ईश्वर होता है राम रोटी सेवा संस्था कई जरूरतमंदों का सहारा बनी हुई है । स्टेशन पर शाम होते ही संस्था के सदस्य सेवा के प्रतिदिन एकत्रित हो जाते हैं और निस्वार्थ भाव से अपनी सेवा को अंजाम देते हैं ।

## नगर गौरव दिवस पर हुये विविध आयोजन

**नवभारत/तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस तेंदूखेड़ा नगर गौरव दिवस पर नगर में स्वच्छता अभियान रंगोली और वृक्षारोपण से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। दोपहर के समय स्कूली छात्रों द्वारा सद्भावना रैली निकाली गई जो नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व भागचंद जैन सच्चे दादा चौक पर संपन्न हुई। मंचीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल तथा अध्यक्षता नगर परिषद अध्यक्ष विष्णु शर्मा ने की इस दौरान वृद्ध जनों को कंबल वितरण सफाई कर्मियों को किटो का वितरण तथा हितग्राही मूलक योजनाओं के तहत 8 हितग्राहियों पी एम स्वनिधि के तहत 25000 रुपए 6 हितग्राहियों पी एम स्वनिधि के तहत 50000 तथा 20 हितग्राहियों को संबल योजना अंत्येष्टि राशि 5000 एवं 100000 की सहायता राशि के स्वीकृति पत्र दिए गए। वहीं 1 हितग्राही को कर्मकार मंडल योजना अंत्येष्टि सहायता अनुग्रह सहायता 2 लाख 6 हजार 1 हितग्राही संबल अनुग्रह सहायता राशि 2 लाख रुपए 185 हितग्राहियों को कंबल एवं 64 हितग्राहियों को खाद्यान्न पात्रता पर्ची प्रदान की गई। वहीं कार्यक्रम के पूर्व पी डब्लू डी कालोनी परिसर में 18 लाख की लागत से बनने वाले अटल पार्क का भूमी पूजन एवं मंगल भवन के बाजू से 63.83 लाख की रुपए की लागत से बनने वाले अटल काम्प्लेक्स का भूमी पूजन किया गया। नगर गौरव दिवस के अवसर पर कृषि विभाग द्वारा भी किसानों को शासन की योजना के तहत कृषि उपकरणों का नि:शुल्क वितरण किया। हमारे प्रतिनिधि को वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी बी एम साहू ने बताया कि 15 किसानों को कटिया मशीनें तथा अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग के 08 किसानों को स्प्रेयर पंपों का वितरण किया गया।

## आशीष राय जर्नलिस्टस यूनियन ऑफ मध्यप्रदेश के जिलाध्यक्ष नियुक्त

**नवभारत/गाडरवारा।** भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ नई दिल्ली की राज्य इकाई जर्नलिस्टस यूनियन ऑ मध्यप्रदेश के संगठन विस्तार हेतु संगठन के राष्ट्रीय महासचिव डॉ नवीन आनंद जोशी की अनुशंषा पर प्रांतीय अध्यक्ष डॉ अरुण सक्सेना ने जिलाध्यक्ष हेतु गाडरवारा शहर के विगत एक दशक से निष्पक्ष एवं स्वच्छ पत्रकारिता में समर्पित समाजसेवी आशीष राय को नियुक्त किया गया। गौरतलब है कि यह नियुक्ति करीब 2011 से स्वतंत्र पत्रकारिता में कदम रखते हुए जनहित में समर्पित होकर विभिन्न समाचार पत्रों के साथ साथ इलेक्ट्रानिक मीडिया एवं बेब पोर्टल का शानदार अनुभव के कारण की गई है।

## साईंखेड़ा के तूमड़ा में कांग्रेस ने मनाया 141वां स्थापना दिवस

**नवभारत/ साईखेड़ा।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं जिला अध्यक्ष सुनीता पटेल के निर्देशानुसार, गाडरवारा विधानसभा के साईंखेड़ा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम तूमड़ा में कांग्रेस का 141वां स्थापना दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एकजुटता का संकल्प लेते हुए आगामी चुनौतियों पर रणनीति तैयार की।

### गांधीजी के सिद्धांतों पर चलने का संकल्प

कार्यक्रम की शुरुआत वरिष्ठ कांग्रेस नेता चौधरी चंद्रभान राजपूत की अध्यक्षता में हुई। सर्वप्रथम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कांग्रेस के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डालते हुए वरिष्ठ कांग्रेस जनों का रोली-तिलक लगाकर और पुष्पहारों से आत्मीय स्वागत किया।

### नवनियुक्त पदाधिकारियों का हुआ सम्मान

संगठन को मजबूती देने के उद्देश्य से हाल ही में नियुक्त हुए पदाधिकारियों का कार्यक्रम में विशेष स्वागत किया गया। इसमें ब्लॉक कांग्रेस कमेटी साईंखेड़ा के नवनियुक्त अध्यक्ष लखन पटेल, सांस्कृतिक विभाग के प्रदेश सचिव रघुनंदन पचौरी, समाज प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अनुराग भार्गव, पंचायती राज संगठन के प्रदेश सचिव नीलेश ढीमोले और यूथ ब्लॉक उपाध्यक्ष आकाश पटेल का फूल-मालाओं से अभिनंदन किया गया।

### बूथ स्तर पर मजबूती की अपील

बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि संगठन की असली शक्ति कार्यकर्ता हैं। इस दौरान अपना गांव-अपना बूथ, सबसे मजबूत का नारा बुलंद किया गया। पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं से आपसी मनभेद भुलाकर जनता के बीच जाने की अपील की। चर्चा के दौरान देश में व्याप्त महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की समस्याओं और चिकित्सा व शिक्षा के गिरते स्तर जैसे गंभीर मुद्दों पर चिंता जताई गई। साथ ही वोट चोरी जैसे विषयों पर भी कार्यकर्ताओं को जागरूक रहने को कहा गया। वरिष्ठ जन और कार्यकर्ता रहे मौजूद इस गरिमामय अवसर पर कांग्रेस पार्टी के समस्त पदाधिकारी, क्षेत्र के वरिष्ठ जन और बड़ी संख्या में निष्ठावान कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में भाई नर्मदा सिंह राजपूत ने उपस्थित सभी अतिथियों और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

## समाधान योजना के तहत उपभोक्ताओं को मिल रहा लाभ

**नवभारत/तेंदूखेड़ा।** इन दिनों म.प्र विद्युत मंडल नरसिंहपुर संभाग गाडरवारा अंतर्गत सहायक अभियंता गाडरवारा उपसंभाग पी के लोधी कनिष्ठ अभियंता उमेश कुमार बाल्मिक एवं उनकी टीम के द्वारा ग्राम गंगई में केम्प व बड़े बकायादारों के यहां सघन संपर्क वसूली अभियान चलाया गया ,इसी क्रम में कृषि पंप उपभोक्ता रामरतन सिंह से 1.47 लाख रू कृषि पंप बिल बकाया एक मुश्त समाधान छूट का लाभ दिलाते हुए 84341 रुपए 64409 रू जमा किए गए ।5 अन्य उपभोक्ताओं से 26 541 रुपए तथा समाधान योजना में अन्य उपभोक्ताओं से भी बिल जमा कराए गए एवं शासन की समाधान योजना अंतर्गत छूट की जानकारी देते हुए योजना का लाभ लेते हुए बिल जमा करने को अन्य बड़े बकायादारों को प्रेरित किया गया। सोमवार को ग्राम गंगई में विभाग द्वारा पुलिस प्रशासन का सहयोग लेते हुए बिल जमा न करने वाले बड़े बकायादारों के विरुद्ध कुर्की की कार्यवाही जिसमे स्टार्टर तार नोजल पाईप मोटर साईकल आदि जप्ती की कार्यवाही प्रस्तावित की गई है जिसके लिए पुलिस थाना तेंदूखेड़ा को पत्र भेजा जा चुका है।